Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding alleged allegations on Hon'ble Member of Parliament.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) : स्पीकर महोदय, धन्यवाद । आज इस हाउस में यह चर्चा हो जानी चाहिए, चूंकि मेरे ऊपर काफी पर्सनल एलीगेशन लगाए गए हैं और मैं आपका प्रोटेक्शन चाहता हूं । चर्चा में यह नियम है, आपने बनाया है और इस हाउस ने बनाया है कि जिस बिल पर चर्चा हो रही हो, केवल उसी बिल के बारे में बात करनी है ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, ऐसा नहीं है । बिल के इतर भी सब बोले हैं ।

डॉ. निशिकांत दुबे : सर, मैं वही कह रहा हूं । जब बिल के इतर बोले तो मैंने 352 पॉइंट ऑफ ऑर्डर रेज किया कि जो चीजें ज्यूडिशियल स्क्रूटनी में हैं, कोर्ट में जो केस चल रहा है, उस पर आप हमारे मुख्य मंत्री के ऊपर, आप हमारे गृहमंत्री के ऊपर, जो राज्य सभा के सदस्य हैं, उनके ऊपर, जो चीफ जस्टिस हैं, आप उनके ऊपर क्या एलीगेशन लगाएंगे । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही**…**

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे : अध्यक्ष महोदय, मैं केवल कंक्लूड कर लूं । यदि यह एलिगेशन लगेगा, यदि आप किसी की तरफ एक अंगुली उठाएंगे, तो चार अंगुलियां आपकी तरफ भी जाएंगी । …(व्यवधान)